दिन–शनिवार दिनांक– 04 / 01 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गांवों में लोगों को सम्मानजनक जीवन देने की सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। कहा– गांवों में मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराना उनकी सरकार की प्राथमिकता है।

02. पटना के बापू परीक्षा परिसर की रद्द हुई सत्तरवीं बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा पटना के बाईस केन्द्रों पर शांतिपूर्वक संपन्न। लगभग छह हजार अभ्यर्थी हुए शामिल।

03. सिखों के दसवें गुरु गुरु गोबिन्द सिंहजी महाराज की तीन सौ अट्ठावनवीं जयंती पर पटना सिटी स्थित हरमंदिर साहिब में तीन दिवसीय प्रकाशोत्सव शुरू।

04. और, प्रदेश में भीषण ठंड के कारण आम जनजीवन हुआ अस्त–व्यस्त। घने कोहरे के चलते रेल, सड़क और हवाई यातायात प्रभावित हुआ।

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गांवों को विकास और अवसरों के जीवंत केन्द्रों में बदलकर ग्रामीण भारत को सशक्त बनाने के सरकार के दृष्टिकोण पर बल दिया है। श्री मोदी आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में ग्रामीण भारत महोत्सव के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि गांवों में मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराना उनकी सरकार की प्राथमिकता है।

———बाईट———

गांव के लोगों को गरिमा पूर्ण जीवन देना यह मेरी सरकार की प्राथमिकता है। हमारा विजन है, भारत के गांव के लोग सशक्त बने, उन्हें पलायन न करना पड़े और इसलिए हमने गांव–गांव में मूलभूत सुविधाओं की गारंटी का अभियान चलाया।

श्री मोदी ने कहा कि उनकी सरकार के इरादों, नीतियों और निर्णयों से ग्रामीण भारत में नई ऊर्जा आ रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत अब तक तीन लाख करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता दी जा चुकी है।

———बाईट———

हमारा मकसद है कि गांव के लोगों को, गांव में ही ज्यादा से ज्यादा आर्थिक मदद मिले। खेती भी कर पाए, रोजगार–स्वरोजगार के नए मौके भी बने। इसी सोच के साथ पीएम किसान सम्मान निधि से किसानों को करीब 3 लाख करोड रुपए की आर्थिक मदद दी गई है।

इस अवसर पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में गरीबों, किसानों, युवाओं और महिलाओं के कल्याण और आर्थिक सशक्तिकरण के लिए कई योजनाएं लागू की जा रही हैं।

–––बाईट–––

माननीय प्रधानमंत्री जी आपके डायरेक्शन को लेकर के हम ग्रामीण क्षेत्र उन्नति के लिए काम कर रहे हैं। आप चार वर्ग बोल रहे हैं – गरीब, युवा, किसान और नारी उनके आर्थिक प्रगति के लिए आपने बहुत कम कर रहे हैं।

ग्रामीण भारत महोत्सव 9 जनवरी तक चलेगा। इसका विषय है– विकसित भारत 2047 के लिए आत्मनिर्भर ग्रामीण भारत का निर्माण और सिद्धांत–गांव बढ़े तो देश बढ़े।

––––––––––––––––––––––––––––––––––

भारत में वित्तीय वर्ष दो हजार ग्यारह–बारह में ग्रामीण गरीबी दर पच्चीस दशमलव सात प्रतिशत थी, जो कि वित्तीय वर्ष दो हजार तेईस–चौबीस में उल्लेखनीय रूप से घटकर चार दशमलव आठ छह प्रतिशत हो गई है। एक रिपोर्ट–

–––बाईट–––

भारतीय स्टेट बैंक के उपभोग व्यय सर्वेक्षण पर शोध के अनुसार पिछले बारह वर्षों में शहरी गरीबी 13 दशमलव सात प्रतिशत से घटकर चार दशमलव शून्य नौ प्रतिशत हो गई है। वहीं समग्र स्तर पर भारत में गरीबी की दर अब चार प्रतिशत से चार दशमलव पांच प्रतिशत के बीच हो सकती है। ग्रामीण और शहरी मासिक प्रति व्यक्ति उपभोग व्यय के बीच का अंतर अब 69 दशमलव सात प्रतिशत तक कम हो गया है। यह सुधार प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण, ग्रामीण बुनियादी ढांचे के विकास, किसानों की आय में वृद्धि और ग्रामीण आजीविका में उल्लेखनीय सुधार जैसी सरकारी पहलों के कारण है। पल्लवी की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से सरफिरोजी।

––––––––––––––––––––––––––––––––––

पटना के बापू परीक्षा परिसर की रद्द हुई बीपीएससी की सत्तरवीं एकीकृत संयुक्त प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा आज पटना के बाईस केन्द्रों पर आयोजित की गई।

आयोग से परीक्षा नियंत्रक राजेश कुमार सिंह ने बताया कि परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई।

---बाईट---

इधर, परीक्षा रद्द करने की मांग को लेकर आज भी छात्रों का प्रदर्शन जारी है।

---

आर्थिक अपराध इकाई की टीम ने आय से अधिक संपत्ति के मामले में पटना के बेउर जेल अधीक्षक विधु कुमार के कई ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की है। जांच एजेंसी ने उनके सरकारी आवास, कार्यालय और पैतृक आवास पर छापे मारे हैं। ईओयू ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि प्रारंभिक जांच में विधु कुमार के पास आय से एक सौ छियालीस प्रतिशत अधिक संपत्ति का खुलासा हुआ है। इस संबंध में उनके खिलाफ कल प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

---

पूर्णियां जिले के बायसी थाना क्षेत्र के ताराबाड़ी में पुलिस ने कुख्यात अपराधी सुशील मोची को मुठभेड़ में मार गिराया। उस पर दो लाख रूपये का इनाम था। बायसी के एसडीपीओ आदित्य कुमार ने बताया कि सुशील मोची पर बिहार के साथ–साथ पश्चिम बंगाल के कई थानों में हत्या, लूट और डकैती के कई मामले दर्ज थे।

---

नक्सल प्रभावित औरंगाबाद जिले में सीआरपीएफ और एसटीएफ के संयुक्त अभियान में पिछले वर्ष बाईस कुख्यात नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया। साथ ही भारी मात्रा में विस्फोटक और हथियार बरामद किए गए। पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल ने बताया कि नक्सलियों के खिलाफ चलाए गए अभियान से जिले में वामपंथी उग्रवाद से जुड़ी घटनाओं में कमी आई है।

———————————————————————————

प्रदेश में भीषण ठंड और कुहासे के कारण आम जनजीवन प्रभावित हुआ है। बक्सर, कैमूर, सारण और रोहतास जिले में आज शीत दिवस की स्थिति बनी हुई है। औसत न्यूनतम तापमान नौ दशमलव सात डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। राजधानी पटना समेत राज्य के अधिकांश हिस्सों में घने कोहरे के चलते रेल, सड़क और हवाई यातायात प्रभावित हुआ है। नई दिल्ली से राजेन्द्र नगर आने वाली तेजस राजधानी एक्सप्रेस, नई दिल्ली–हावड़ा राजधानी एक्सप्रेस, मगध एक्सप्रेस और संपूर्ण क्रांति एक्सप्रेस समेत लगभग एक दर्जन रेलगाड़ियां अपने निर्धारित समय से दो घंटे से लेकर दस घंटे तक विलंब से चल रही हैं। वहीं, पटना हवाई अड्डे से दिल्ली के लिए उड़ान भरने वाली एक फ्लाईट को रद्द कर दिया गया जबकि तेरह विमानों की आवाजाही प्रभावित हुई है। दरभंगा हवाई अड्डे पर भी कुहासे के कारण विमानों की आवाजाही प्रभावित हुई है। इधर, मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि कल सुबह पूर्णियां, अररिया, किशनगंज, सीतामढ़ी और पूर्वी चंपारण समेत राज्य के उत्तरी हिस्सों में अति घना कोहरा छाया रहेगा। वहीं, शेष हिस्सों में घना कोहरा छाये रहने की संभावना है। न्यूनतम तापामान में अगले चौबीस घंटों में गिरावट होगी। उसके बाद तापमान में बढ़ोतरी का पूर्वानुमान है।

———बाईट———

पिछले चौबीस घंटों के दौरान सात दशमलव तीन डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ छपरा राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा।

———————————————————————————

ठंड के कारण प्रदेश के अस्पतालों में हृदय रोगियों और ब्रेन स्ट्रोक के मामलो में काफी बढ़ोतरी देखी जा रही है। दिल्ली स्थित लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज अस्पताल के निदेशक डॉक्टर सुभाष गिरि ने ठंड में उच्च रक्तचाप और मधुमेह के मरीजों को नियमित तौर पर चिकित्सक से जांच करवाने और संतुलित जीवन शैली अपनाने की सलाह दी है।

———बाईट———

———————————————————————————

गया जिला प्रशासन ने भीषण ठंड की स्थिति को देखते हुए कक्षा पांच तक के सभी विद्यालयों और आंगनबाडी केंद्रों को आठ जनवरी तक बंद रखने के आदेश दिए हैं। वहीं, कक्षा पांच से ऊपर के बच्चों के लिए विद्यालय का संचालन समय सुबह साढे नौ बजे से संध्या चार बजे तक निर्धारित किया गया है।

———————————————————————————

सिखों के दसवें और अंतिम गुरु, गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज की तीन सौ अट्ठावनवीं जयंती के अवसर पर आज से पटना सिटी के तख्त श्री हरमंदिर साहिब में तीन दिवसीय प्रकाशोत्सव शुरू हो गया है। पूरा पटना सिटी जो बोले सो निहाल सत श्रीअकाल के नारों से गुंजायमान है। ब्यौरा हमारी संवाददाता से—

———बाईट———

प्रकाशोत्सव की विधिवत शुरूआत तख्त श्री हरमंदिर साहिब से बड़ी प्रभात फेरी के साथ हुई। आज रात नौ बजे भजन कीर्तन का आयोजन होगा। कल प्रकाश पर्व के दूसरे दिन विशाल नगर कीर्तन आयोजित किया जाएगा। सोमवार को शबद कीर्तन, कथा, प्रवचन और लंगर के बाद मध्य रात्रि में गुरु गोविन्द सिंहजी महाराज का प्राकशोत्सव मनाया जायेगा। प्रकाश पर्व समारोह में शामिल होने के लिए अभी तक पच्चीस हजार से अधिक संगत पटना साहिब पहुंच चुके हैं। प्रकाश पर्व को लेकर गुरूद्वारे को आकर्षक रोशनी से सजाया गया है। अशोक राजपथ, चौक थाना मोड़ से लेकर कंगन घाट तक भव्य और आकर्षक सजावट की गई है। समाचार कक्ष से कामिनी ठाकुर।

———————————————————————————

उत्तर मध्य रेलवे ने महाकुंभ में आने वाले लोगों के लिए ट्रेन टिकट बुक करने की नई तकनीकी प्रणाली विकसित की है। इसके अंतर्गत रेलवे कर्मचारी क्यूआर कोड वाली हरी जैकेट पहनेंगे। यात्री क्यूआर कोड को स्कैन कर यूटीएस एप का उपयोग करके डिजिटल रूप से अनारक्षित टिकट बुक कर सकते हैं, जिससे प्रतीक्षा समय कम हो जाएगा। ये कर्मचारी रेलवे परिसर के भीतर प्रमुख स्थानों पर तैनात रहेंगे ताकि श्रद्धालुओं को सुविधाजनक तरीके से टिकट बुक करने में सहायता मिल सके।

———————————————————————————

आज विश्व ब्रेल दिवस है। यह दिवस ब्रेल लिपि के महत्व को लेकर जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है। ब्रेल लिपि पूर्ण दृष्टि बाधित और आंशिक रूप से दृष्टि बाधित लोगों के मानवाधिकारों की पूर्ण अनुभूति से संपर्क का माध्यम है। यह दिवस फ्रांसीसी शिक्षा विशारद लूईस ब्रेल की जयंती की याद में मनाया जाता है। लूईस ब्रेल ने वर्ष अठारह सौ नौ में ब्रेल लिपि का आविष्कार किया था। ब्रेल दिवस के अवसर पर बिहार नेत्रहीन परिषद् की ओर से पटना में समारोह आयोजित कर लूईस ब्रेल को याद किया गया। प्रदेश के अन्य भागों में भी ब्रेल जयंती पर कई कार्यक्रमों का आयोजन हुआ।

———————————————————————

कटिहार जिले के डंडखोरा थाना क्षेत्र के गोरफर सोथी पुल के पास ट्रेन की चपेट में आने से दो मजदूरों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि दोनों इयरफोन लगाकर पटरी के रास्ते अपने घर जा रहे थे, तभी यह हादसा हुआ।

———————————————————————

मधेपुरा जिले में गम्हरिया थाना में पदस्थापित दो पुलिसकर्मियों को शराब पीने को आरोप में निलंबित कर दिया गया है। पुलिस अधीक्षक संदीप सिंह ने बताया कि दोनों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

———————————————————————

मधुबनी जिले के लदनिया थाना क्षेत्र से पुलिस ने एक युवक को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। वहीं, जिले के खुंटौना और औंसी थाना क्षेत्र से पुलिस ने भारी मात्रा में शराब बरामद कर एक तस्कर को गिरफ्तार किया।

———————————————————————————

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गांवों में लोगों को सम्मानजनक जीवन देने की सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। कहा– गांवों में मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराना उनकी सरकार की प्राथमिकता है।

02. पटना के बापू परीक्षा परिसर की रद्द हुई सत्तरवीं बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा पटना के बाईस केन्द्रों पर शांतिपूर्वक संपन्न। लगभग छह हजार अभ्यर्थी हुए शामिल।

03. सिखों के दसवें गुरु गुरु गोबिन्द सिंहजी महाराज की तीन सौ अट्ठावनवीं जयंती पर पटना सिटी स्थित हरमंदिर साहिब में तीन दिवसीय प्रकाशोत्सव शुरू।

04. और, प्रदेश में भीषण ठंड के कारण आम जनजीवन हुआ अस्त–व्यस्त। घने कोहरे के चलते रेल, सड़क और हवाई यातायात प्रभावित हुआ।

———————————————————————————

समाप्त